HUMBLY DEDICATED TO SRILA PRABHUPADA

# हिंगोनिया दर्शन

श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर

SKBT SRI KRISHNA BALRAM SEVA TRUST

नगर निगम, जयपुर

18,000+ गौवंश

नमो ब्रह्मण्य-देवाय गौ-ब्राह्मण-हिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः।।

द्विभाषी मासिक ई-पत्र | अगस्त,2024




• श्रील प्रभुपाद, संस्थापक आचार्य विश्वव्यापी हरे कृष्णा मूवमेंट

श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर

+91 91166 12180 hingonia_goshala hingonia.org

# विषय सूची


1 श्री जवाहर सिंह बेढंम, (ग्रह राज्यमंत्री, राज. सरकार) विजिट
2 श्रीमती मुनेश गुर्जर, (महापौर जयपुर नगर निगम, हेरिटेज)
3 विजिट श्री नितिन जी खडे (IAS, ज्वाइंट सेक्रेट्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार) एवं श्री विश्राम मीणा (IAS, डायरेक्टर वाटर शेड)
4 विजिट कैक्टस पौधे से दैनिक जीवन में उपयोग
5 फ्री मेडिकल हैल्थ कैंप
6 जन्मदिन सेलिब्रेशन एवं बच्चों को गिफ्ट वितरण
7 स्वतन्त्रता दिवस आयोजन
8 रक्षाबंधन उत्सव
9 जन्माष्टमी महोत्सव
10 बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा
11 श्रील प्रभुपाद जयंती (आविर्भाव दिवस)
NEW UPDATE
12 श्री कृष्ण गौसेवा संस्था द्वारा गोवंशो हेतु शेड का निर्माण ✓
13 श्री उत्तम कल्याण ट्रस्ट द्वारा नंदी शाला हेतु शेड का निर्माण ✓
14 RKPC वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शेड एवं ब्रिक फ्लोरिंग का निर्माण ✓
15 रोटरी क्लब द्वारा गौसेवा
16 गलताजी ग्रुप द्वारा गौसेवा
17 गौसेवेकों द्वारा गौसेवा
18 शिव पूजा एवं जलाभिषेक
20 वृक्षारोपण कार्यक्रम
21 चैतन्य भारत दौड़
22 वाटर हार्वेस्टिंग-स्टोरेज
23 मानसून
24 गौसेवा की कुछ झलकियाँ सोशल मीडिया पर
25 गौसेवा तालिका, अकाउंट & QR कोड

# श्री जवाहर सिंह बेढंम, गृह राज्यमंत्री (राज.) विजिट



**श्री जवाहर सिंह बेढंम,** (राज्य गृह मंत्री, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी मतस्य विभाग, राजस्थान सरकार) ने **श्रीमती मुनेश गुर्जर,** (महापौर जयपुर नगर निगम, हेरिटेज) के साथ हिंगोनिया गौशाला का दौरा कर गौशाला में निरंतर हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली!







श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी **श्री रघुपति प्रभु** एवं **प्रेमानंद प्रभु** ने पूरे गौशाला का अवलोकन करवाया और विकास कार्य की जानकारी दी और मंत्री जी ने गायों को हरा चारा एवं गुड खिला करके गौसेवा की !

# श्रीमती मुनेश गुर्जर, (महापौर जयपुर, हेरिटेज) विजिट



इस अवसर पर सभी ने मिलकर **शिव पूजन** कर शिव आशीष प्राप्त किया, एवं बाड़ों में जाकर नवजात **बछड़ों को बोतल से दूध** पिलाया, गौशाला के ही एक छोटे बच्चे द्वारा की गयी **मलखम्ब क्रीडा** का आनंद लिया तत्पश्चात वृक्षारोपण किया !







# श्री नितिन जी खडे (IAS, JS) एवं विश्राम मीणा (IAS) विजिट



**श्री विश्राम मीणा,** (IAS, डायरेक्टर वाटर शेड, राजस्थान) ने **श्री नितिन जी खडे** (IAS, ज्वाइंट सेक्रेट्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार) के साथ कैक्टस की खेती हेतु **100 एकड़ जमीन** की लेवलिंग कार्य प्रग्रती की समीक्षा की !

















**श्री नितिन जी खडे** ने श्रीरामपुरा स्तिथ, पहली बार 40 बीघा में सफलता पूर्वक बनी **कैक्टस नर्सरी** का अवलोकन किया एवं कैक्टस से दैनिक जीवन में पशुओं को होने वाले लाभों को देखते हुए हिंगोनिया गोशाला में 100 बीघा जमीन पर इसकी खेती पर विचार विमर्श कर इसको एक विशाल रूप में विकसित करने का निर्णय लिया !

## कैक्टस के दैनिक जीवन में उपयोग:




# An Amazing plant with a potential of 5 F

## 5F क्षमता वाला एक अद्भुत पौधा



**Fooder**
पशुओं के लिए भोजन



**Food**
भोज्य एवं पेय पदार्थ



**Fashion**
पर्स, बैग इतियादी



**Fuel**
खाद्य तेल



**Fertilizer**
खेती हेतु खाद

# फ्री मेडिकल हैल्थ कैंप :




हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में लगभग 400 से अधिक गौ सेवक हैं! हमारा केंद्र उन सभी स्टाफ, श्रमिको एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को लेकर नियमित रूप से कुछ मेडिकल सेवाएं एवं कैंप आयोजित करते हैं, जहां उनको उनके अच्छे स्वास्थ्य के बारे में अवगत कराया जाता है और उनकी प्राथमिक जाचें की जाती हैं!








# गौशाला में जन्मदिन :



गौ सेवक **श्री श्याम जी बढ़ाया** ने अपने **सुपुत्र कार्तिक बढ़ाया** जी का जन्मदिन गौशाला में श्रमिकों के सभी बच्चों को जुराब, जूते, प्रसादम एवं अन्य उपहार देकर धूमधाम से मनाकर भगवान कृष्ण एवं गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया!







# स्वतन्त्रता दिवस आयोजन :




**स्वतंत्रता दिवस की 78वीं सालगिरह** पर गौशाला के सभी श्रमिकों, उनके परिवार परिवारजनों एवं समस्त बच्चों ने झंडारोहण एवं राष्ट्रगान कर देश के प्रति अपनी भूमिका निभाई ! कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं कर मनोरंजन किया एवं जीतने वाले सभी बच्चों को प्रभु द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया ! कार्यक्रम के अंत में गौशाला प्रांगण में उपस्थित सभी बच्चों, स्टाफ एवं श्रमिको को प्रसादम देकर सभी का मुंह मीठा किया गया !








## रक्षाबंधन उत्सव :




रक्षा बंधन, हर साल सावन महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है! यह त्योहार भाई-बहन, गुरु एवं शिष्य के प्यार और कर्तव्य के रिश्ते को समर्पित है! एक और कथा के मुताबिक, जब भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था, तब उनकी तर्जनी उंगली कट गई थी! इसके बाद द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर भगवान कृष्ण की उंगली पर बांधा था!

## रक्षा बंधन के दिन गायों की रक्षा के लिए ये संकल्प :

1. गायों की देखभाल में मदद करना
2. पशु आश्रयों का समर्थन करना
3. बीमार गायों का इलाज कराना
4. गायों की अवैध कटाई और व्यापार के ख़िलाफ़ जागरूकता फैलाना
5. गायों के लिए उपयुक्त आवास और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना
6. गायों के महत्व और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना

गायों की रक्षा और सेवा से विश्व का कल्याण संभव है! ऐसी मान्यता है कि गायों में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है!

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हरे कृष्ण हरे कृष्ण
कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम
राम राम हरे हरे ॥

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी की कुछ झलकियाँ...











हिंगोनिया गौशाला में श्री भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया ! उस दिन मंदिर प्रांगण में भक्तों द्वारा विशेष आरती कीर्तन किया गया !





इसके साथ ही जगतपुरा स्थित हरे कृष्णा मूवमेंट द्वारा संचालित **श्री कृष्ण बलराम मंदिर** में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, जहां पर लाखों भक्तों ने भगवान कृष्ण का दर्शन किया और विशेष अभिषेकम झूलन और संस्कृततिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था !



# बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा :




हिंगोनिया गौशाला में राजस्थान का सबसे बड़ा पशु चिकित्सालय है जहां पर 60 के करीब डॉक्टर कंपाउंडर एवं मेडिकल स्टाफ काम करता है और यहां यहां पर प्रतिदिन (Rhinotomy Surgery) **राइनॉटॉमी ऑपरेशन** किया जाते हैं !








128th Anniversary
27th August, 2024



**हरे कृष्ण हरे कृष्ण**
**कृष्ण कृष्ण हरे हरे**
**हरे राम हरे राम**
**राम राम हरे हरे॥**


## श्रील प्रभुपाद जयंती (आविर्भाव दिवस) :

**श्रील प्रभुपाद जी** ने कृष्ण भक्ति के साथ-साथ पूरी दुनिया में **गौ सेवा** और **गौ रक्षा** की शिक्षा दी! उनके द्वारा स्थापित विश्वव्यापी **हरे कृष्ण मूवमेंट** द्वारा पूरे विश्व भर में 1,000 अधिक मंदिरों के माध्यम से लाखों गोवंश की सेवा और रक्षा की जा रही है! **1 सितंबर 1896** कोलकाता,पश्चिम बंगाल में नंदोत्सव के पवित्र दिन उनका जन्म हुआ!

**1922** में प्रथम बार अपने आध्यात्मिक गुरु श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर से भेंट! **1965** में 69 साल की उम्र में मालवाहक जहाज द्वारा अमेरिका के लिए प्रस्थान किया! जुलाई **1966** में अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की स्थापना की! **1977** में समाधि में लीन होने से पूर्व पूरे विश्व में 108 राधा कृष्ण मंदिर बनवाना!

श्रील प्रभुपाद जी ने भगवत गीता और श्रीमद् भागवत की प्रामाणिक व्याख्या के साथ साथ 80 से अधिक पुस्तकें लिखी! आज श्रील प्रभुपाद जी के द्वारा गीता पर लिखी गई टिका भगवत गीता यथारूप पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली गीता है! प्रभुपाद जी की शिक्षाओं का सार केवल भगवत चेतना या कृष्णा भावनामृत के द्वारा ही पूरे विश्व में वास्तविक शांति, एकता और समृद्धि आ सकती है!

# Memories of the
# Empowered Acharya



**Elevation is possible in Krishna Consciousness in the association of pure devotees who can deliver one from delusion.**

## राधा गोविन्द धाम :




# श्री कृष्ण गौसेवा संस्था

श्री ओम प्रकाश जी मोदी द्वारा समर्थित 200 गौवंशो क्षमता का **120 Feet** x **90 Feet** के कुल चार बाड़ों का निर्माण कराया जा रहा है! यहाँ प्रत्येक बाड़े में 200 गौवंशो हेतु चारे के लिए ठान एवं पानी के लिए खेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है!

CMD ओके प्लस बिल्डर्स & डेवलपर्स





संस्था से जुड़े सभी गौसेवक नियमित रूप से गौशाला आकर चारा ट्राली गोवंशों को खिलाते हैं, जिससे एक बड़ी मात्रा में गौवंश लाभान्वित होता है!



## नंदी शाला शेड :




# श्री उत्तम कल्याण ट्रस्ट, जयपुर

द्वारा, **नंदी शाला** में नंदियो के लिए 48 x 144 फीट लम्बाई की शेड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है! सभी गौवंशो इसका उपयोग कर हर मौसम, सर्दी, गर्मी, बरसात, धूप में लाभान्वित एवं स्वस्थ रहेंगे!

**नंदी शाला में शेड का निर्माण कार्य पूर्ण!**









## विष्णु सदन :




# राजकंवर प्रकाश चंद्र अग्रवाल

**RKPC** वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गौशाला में गौमाता हेतु शेड्स निर्माण, चारे हेतु ठान, पानी की खेल एवं ब्रिक्स फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर! इसके अलावा यहाँ लगभग 75 से भी अधिक ट्रीगार्ड सहित वृक्षारोपण भी किया गया है जिससे, यहाँ रह रहे गौवंशों को गर्मी एवं धुप से राहत मिल सके!









# रोटरी क्लब द्वारा गोसेवा :



रोट्री क्लब के सभी सदस्यों द्वारा परिवार के छोटे बच्चों सहित गौशाला में गौसेवा एवं वृक्षारोपण किया गया! इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाया गया!









# गलताजी ग्रुप द्वारा गौसेवा :



श्री आर्या जी चौहान द्वारा संचालित **गलताजी ग्रुप** द्वारा गौशाला में समस्त गौसेवको द्वारा बाड़ों में गौमाताओं को हरा चारा ट्राली खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और भोजन प्रसादी का आनंद उठाया ! ग्रुप संचालक ने बताया की पिछले **5** सालों से ग्रुप के सभी सदस्य हर महीने के अंतिम रविवार को हर मौसम और परिस्थिति में सेवा में हैं !







# गौसेवकों द्वारा गौसेवा :



गौसेवको द्वारा हिंगोनिया गौशाला में **प्रत्येक शनिवार, रविवार, अमावस्या, पूर्णिमा** और विशेष अवसरों पर नियमित रूप से कई गौसेवक यहां गायों को हरा चारा खिलाकर और गायों को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा करते हैं! आप भी हिंगोनिया गौशाला पधारें और गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त करें! गौशाला में गायों को खिलाने के लिए हरा चारा, सूखा चारा, बाँट, गुड़ इत्यादि यहाँ काउंटर से प्राप्त करें!







# शिव पूजा एवं जलाभिषेक :



सावन के महीने के दौरान गौशाला के समस्त स्टाफ एवं उनके परिवारों द्वारा शिवपूजन एवं सहस्र जलाभिषेक का आयोजन कर प्रसादम ग्रहण किया! इस अवसर पर वातावरण को और अधिक मनमोहित बनाने हेतु गायक मण्डली द्वारा अनेक शिव भजन एवं स्तुति की गयी, जिससे मंदिर प्रांगण और भी अधिक आनंदित हो गया!







# वृक्षारोपण कार्यक्रम :



हिंगोनिया गौशाला के समस्त स्टाफ एवं गौ सेवकों द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाओ का सन्देश दिया ! इस दौरान स्टाफ एवं श्रमिको के साथ प्रभुओं ने भी पौधारोपण कर अपना सहयोग दिया !







# चैतन्य भारत दौड़ :




क्रीड़ा भारती जयपुर की ओर से आयोजित **चैतन्य भारत दौड़** में गौशाला के सभी बच्चों ने भाग लिया, और बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया ! कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सहभागियों को संस्था की तरफ से उपहार स्वरूप टीशर्ट एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए !







# वाटर हार्वेस्टिंग - स्टोरेज :



वर्षा जल सतही प्रवाह के रूप में बहकर व्यर्थ हो जाने से पहले सतह पर, सतह से उपर, सतह के नीचे या उपसतह (जलभृत) में एकत्रित या संचित किये जाने की तकनीक को **वर्षा जल संचयन (Rain Water Harvesting)** कहते हैं! इस तकनीकी प्रयोग करके हिंगोनिया गौशाला में भूजल भण्डारण में पर्याप्त बढ़ोत्तरी की जा रही है, जिसका बाद में आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सकता है!








# मानसून :



मानसून और भारी बारिश के दिनों में भी हिंगोनिया गौशाला के सभी श्रमिक और सभी सहायक स्टाफ निरंतर गौ माता की सेवा करते हुए हैं! गौसेवक भी अपनी सेवा एवं भक्ति देने हेतु हर मौसम में गौशाला आ रहे हैं!







## अपनी गौसेवा की झलकियों को हमारे साथ सोशल मीडिया पर शेयर करें, और गौ सेवा की प्रेरणा दें !

# हमें टैग करें !

/Hingonia Cow Rehabilitation Center

/Hingonia_ Goshala

/Hingonia Cow Rehabilitation Center

/Hingonia Map Location









# गौ सेवा तालिका

| क्र. | सेवा विवरण | ₹ |
|---|---|---|
| 1 | हरा चारा ट्राली | 5,100 |
| 2 | 1 TMR चारा (सूखा+हरा+बाँट) | 7,500 |
| 3 | 1 गाय की 1 वर्ष की सेवा | 12,000 |
| 4 | गौदान | 21,000 |
| 5 | हरे चारे का ट्रक | 51,000 |
| 6 | सूखे चारे का ट्रक | 1,08,000 |

*हरा चारा (2.5₹/Kg)

## ACCOUNT DETAILS:

**A/C Name:** Sri Krishna Balram Seva Trust
**A/C Number:** 2281221641901461
**IFSC Code:** AUBL0002216

**Branch Name:**
AU Small Finance Bank, Pratap Nagar, Jaipur

## QR CODE:




SKBT
SRI KRISHNA BALRAM
SEVA TRUST
to Donate, please visit
www.hingonia.org
Contact | +91 9257020721
HINGONIA COW
REHABILITATION CENTRE
Serving 18,000 + cows